# कार्यालय उप संचालक, समाज कल्याण, जिला–बीजापुर (छ.ग.)

दूरभाष क 07853–299344, हेल्पलाईन नं.155–326, टोल फ्री नं. 1800–233–8989 Email Id : dpsw.bijapur@nic.in

कमांक /340/ स.क. / DDRC / स्था. / 2023–24 बीजापुर, दिनांक : 27 / 09 / 2023

## / / प्रेस विज्ञप्ति / /

जिला कार्यालय समाज कल्याण बीजापुर अंतर्गत् एजुकेशन सिटी बीजापुर में जिले के दिव्यांगजनों हेतु संचालित संस्था 'समर्थ'–जिला दिव्यांगजन पुनर्वास केन्द्र (District Disability Rehabilitation Centre) के संचालन ,हेतु **स्पीच थेरेपिस्ट / ऑडियोलॉजिस्ट** के संविदा पद पर **"Walk in Interview"** के माध्यम से भर्ती किया जाना है। अतः उक्त संविदा भर्ती के लिए इच्छुक एवं पात्र उम्मीद्वारों का **"Walk in Interview"** पदनाम के सम्मुख दर्शित तिथि को आयोजित किया जावेगा। इच्छुक एवं पात्र अभ्यर्थी निर्धारित एवं वांछित दस्तावेजों के साथ निर्धारित तिथि को कार्यालयीन समय प्रातः 10:00 बजे कार्यालय उप संचालक, समाज कल्याण, जिला–बीजापुर (छ.ग.) उपस्थित होवें। रिक्त पदों का विवरण एवं समय–सारणी निम्नानुसार है :–

| क. | पदनाम | समर्थ–जिला दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र (DDRC) बीजापुर | | संविदा नियुक्ति का मानदेय प्रतिमाह एकमुश्त | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|
| | | पदों की संख्या | आरक्षण | | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | स्पीच थेरेपिस्ट / ऑडियोलॉजिस्ट | 1 | अनारक्षित | रू. 24,600 / – | |

| क. | पदनाम | Walk In Interview का स्थान | Walk In Interview दिनांक | समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | स्पीच थेरेपिस्ट / ऑडियोलॉजिस्ट | कार्यालय उप संचालक, समाज कल्याण, जिला पंचायत परिसर, बीजापुर (छ.ग.) | 04 / 10 / 2023 | प्रातः 10:00 बजे |

**शैक्षणिक अर्हतायें :– अभ्यर्थी के पास संविदा भर्ती के सेवा के लिये निम्नानुसार न्यूनतम शैक्षणिक अर्हताएं होना अनिवार्य है :–**

1. **स्पीच थेरेपिस्ट / ऑडियोलॉजिस्ट (Speech Therapist/Audiologist)**
   (क) Bachelor in Audiology and Speech & Language Pathology (BASLP)
   Or
   B.Sc. Speech & Hearing

**चयन प्रकिया :–**

1. उक्त पद पूर्णतः अस्थायी है। नियोक्ताकर्ता के द्वारा नियुक्ति अथवा कार्य व्यवहार के आधार पर किसी भी समय पदच्युत किया जा सकेगा।
2. अनुभव के संबंध में आवेदक छ.ग. राज्य के किसी भी मान्यता प्राप्त संस्थाओं मे कार्य किया हो।
3. अभ्यर्थियों का चयन साक्षात्कार के माध्यम से किया जायेगा। चयन प्रकिया में शैक्षणिक योग्यता के प्राप्तांक, अनुभव एवं साक्षात्कार के आधार पर मेरिट सूची तैयार किया जावेगा।
4. चयन संबंधी उपरोक्त समस्त प्रकिया में समिति का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होंगे।

**नियम एवं शर्तें :–**

1. Walk In Interview हेतु आवेदनों का पंजीयन निर्धारित तिथि में प्रातः 10:00 बजे से 11:30 बजे तक किया जावेगा। निर्धारित समय के पश्चात् पंजीयन हेतु आवेदन मान्य नहीं किया जावेगा।
2. चयन समिति द्वारा निर्धारित चयन प्रक्रिया ही मान्य किये जायेंगे।
3. साक्षात्कार तिथि के पूर्व अर्जित की गई शैक्षणिक एवं अन्य व्यावसायिक योग्यताऍ तथा अन्य जारी प्रमाण पत्र ही मान्य होंगे।
4. निर्धारित प्रारूप में आवेदन जमा करना अनिवार्य होगा। अन्यथा की स्थिति में आवेदन निरस्त किया जावेगा।
5. अपूर्ण/अस्पष्ट एवं त्रुटिपूर्ण आवेदन पत्र निरस्त कर दिया जावेगा, जिसकी जानकारी संबंधित को पृथक से नहीं दी जावेगी।
6. संविदा मानदेय :– संविदा सेवा अवधि के दौरान प्रतिमाह एक मुश्त मानदेय देय होगा। इसके अतिरिक्त किसी भी अन्य प्रकार की सुविधा/भत्ता प्रदाय नहीं किया जावेगा।
7. आवेदक का सम्पूर्ण शिक्षा (पद हेतु चाही गई योग्यता अनुसार) किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड/विश्वविद्यालय से उक्त नियम शर्तों के आधार पर अंग्रेजी/हिन्दी माध्यम से पूर्ण किया जाना अनिवार्य होगा।
8. चयन प्रक्रिया के किसी भी चरण में यह पाया जाता है कि किसी उम्मीद्वार द्वारा किसी भी प्रकार से किसी भी प्रकार का दबाव ड़लवाया जा रहा है या निष्पक्ष चयन प्रक्रिया को प्रभावित करने का प्रयास किया जा रहा है, तो उनका आवेदन पत्र अमान्य कर दिया जावेगा तथा इस संबंध में कोई भी दावा मान्य नहीं किया जावेगा।
9. आवेदन में आवेदक अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग श्रेणी के अभ्यर्थियों को सक्षम प्रधिकारी से जाति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा। आवेदन पत्र के साथ फोटो, 10वीं (जन्म प्रमाण पत्र), 12वीं, जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, जीवित रोजगार पंजीयन प्रमाण पत्र, अनुभव प्रमाण पत्र एवं विज्ञापित पद हेतु वांछित समस्त प्रमाण पत्र तथा अंकसूची स्वप्रमाणित सत्यापित होना आवश्यक है। स्वप्रमाणित न होने की स्थिति में आवेदन पत्र निरस्त माना जावेगा तथा इसकी सूचना नहीं दी जावेगी।
10. निःशक्तजन को मेड़िकल बोर्ड द्वारा जारी प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।
11. आवेदक को छत्तीसगढ़ राज्य का मूल निवासी होना अनिवार्य है एवं सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी निवास प्रमाण पत्र संलग्न किया जाना होगा।
12. उक्त पद पूर्णतः अस्थायी है। भविष्य में शासन द्वारा उक्त पदों पर भर्ती किये जाने पर यह नियुक्ति स्वमेव निरस्त मानी जावेगी।
13. यह संविदा नियुक्ति 31 मार्च 2024 तक के लिये होगी। तत्पश्चात् आवश्यकता होने पर कार्यदक्षता, कार्यक्षमता एवं आचरण/व्यवहार के आधार पर समिति की सहमति से कार्यअवधि आगामी सत्र के लिये निरंतर रखे जाने पर विचार किया जा सकता है।
14. संविदा अवधि में छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (संविदा भर्ती) नियम–2012 के तहत् अवकाश की पात्रता होगी।
15. संविदा पर नियुक्त व्यक्ति छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचरण) नियम–1965 से शासित होंगे।
16. संविदा अवधि के एक माह की पूर्व सूचना या उसके एवज में एक माह का वेतन देकर नियुक्ति समाप्त की जा सकेगी।
17. रिक्त पदों की संख्या घट–बढ़ या विलोपित हो सकती है, इसके लिये समिति का निर्णय अंतिम होगा।
18. संविदा कर्मचारियों को सीधी भर्ती द्वारा नियमित पदों के लिये कोई दावेदारी नहीं होगी।
19. आवेदक की उम्र 01 जनवरी 2023 को न्यूनतम 18 वर्ष होनी चाहिए। आयु की गणना दिनांक 01 जनवरी 2023 की स्थिति में की जावेगी। उम्र की पुष्टि हेतु 10वीं की अंकसूची प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा, परन्तु आयु सीमा में सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा समय–समय पर जारी छूट संबंधी आदेश/निर्देश संविदा नियुक्ति के लिये लागू होंगे।
20. विज्ञापन एवं आवेदन पत्र(निर्धारित आवेदन प्रारूप ही मान्य होगा) का विस्तृत प्रारूप तथा नियम–शर्तें बीजापुर जिले के वेबसाईट www.bijapur.gov.in एवं कार्यालय समाज कल्याण बीजापुर के सूचना पटल पर देखा जा सकता है।
21. भर्ती की प्रक्रिया के दौरान होने वाले किसी भी विवाद एवं समस्या के स्थिति में अंतिम निर्णय लेने का सर्वाधिकार चयन समिति का होगा।
22. किसी भी विवाद की स्थिति में समिति का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा।

**उप संचालक**
**समाज कल्याण**
**जिला–बीजापुर (छ.ग.)**

# कार्यालय उप संचालक, समाज कल्याण,
# जिला–बीजापुर (छ.ग.)
## संविदा पद हेतु आवेदन का प्रारूप

आवेदित पद का नाम – ..........................................................................

हाल ही में खींचा हुआ रंगीन पासपोर्ट साईज फोटो स्वयं से सत्यपित कर चस्पा करें

प्रति,

उप संचालक
समाज कल्याण ,
जिला–बीजापुर (छ.ग.)

1. आवेदक का नाम (हिन्दी में)' – ..........................................................................
   (अंग्रेजी में)' – ..........................................................................
2. पिता / पति का नाम' – ..........................................................................
3. जन्मतिथि अंकों में' – ..........................................................................
   (शब्दों में)' – ..........................................................................
4. आयु दिनांक 01.01.2023 की स्थिति में' ..............दिन......................माह..............................वर्ष
5. लिंग – पुरूष ☐ महिला ☐ अन्य ☐
6. क्या आप छत्तीसगढ़ के मूल निवासी है'– हां ☐ नहीं ☐ हां तो जिला का नाम ..............
7. शैक्षणिक / व्यवसायिक योग्यता का विवरण, जो कि अनिवार्य अर्हता में चाहा गया है'–

| क. | परीक्षा का नाम | शिक्षा का माध्यम हिन्दी / अंग्रेजी | उत्तीर्ण होने का वर्ष | मान्यता प्राप्त बोर्ड / विश्वविद्यालय का नाम | विषय | पूर्णांक | प्राप्तांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | | | | | | | | |
| 2 | | | | | | | | |
| 3 | | | | | | | | |
| 4 | | | | | | | | |
| 5 | | | | | | | | |
| 6 | | | | | | | | |
| 7 | | | | | | | | |
| 8 | | | | | | | | |
| 9 | | | | | | | | |

8. छत्तीसगढ़ राज्य शासन में शासकीय, अर्द्धशासकीय संस्थान अथवा सार्वजनिक उपकम, निगम मंडल में स्पीच थेरेपी/ऑडियोलॉजी से संबंधित कार्य का अनुभव का विवरण'–

| क. | नियोक्ता विभाग/संगठन का नाम | संस्था/प्रतिष्ठान का नाम जहाँ कार्य किया/कर रहे है | पदनाम | पद की प्रकृति (अस्थाई/स्थाई/संविदा/अन्य) | मासिक वेतन रू. में | कार्य ग्रहण अवधि दिनांक सहित | कुल अनुभव (वर्ष में ) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | | | | | | | |
| 2 | | | | | | | |
| 3 | | | | | | | |

टीप':– आवेदक द्वारा दिये गये अनुभव की जांच कराई जायेगी, जांच मे 'किसी भी प्रकार से गलत/भ्रामक जानकारी प्राप्त होने की स्थिति में आवेदक का आवेदन पद हेतु अमान्य किया जायेगा तथा वैधानिक कार्यवाही की जावेगी, अतः असत्य जानकारी न दी जावे।

टीपः– आवेदक को पद की पूर्ति से संबंधित आवश्यक जानकारी/पत्रचार/ई–मेल/एस.एम.एस के माध्यम से दिया जायेगा। अतः ध्यानपूर्वक ई–मेल एवं वॉटसप मोबाईल नंबर अंकित करें।

- निम्न बिन्दुओं की जानकारी हेतु उचित खाने में चिन्ह अंकित करें। यदि जानकारी हां में है तो सक्षम अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र भी संलग्न करें।

9. पत्र व्यवहार का पूर्ण पता' – ..........................................................................
..........................................................................
जिले क नाम..................................पिन कोड...........................
मोबाईलं नंबर..........................................................................
ई–मेल आई डी..........................................................................

10. क्या आपके पास आवेदित पद के लिए शैक्षणिक एवं व्यावयायिक योग्यताएं है– हां ☐ नहीं ☐

11. रोजगार कार्यालय का नाम एवं जीवित पंजीयन क्रमांक दिनांक सहित'–
नाम................................जीवित पंजीयन क्रमांक................................वैद्यता दिनांक..................

12. जाति (अ.जा.ज./अ.जा./अन्य पिछडा वर्ग/अनाराक्षित) ..........................................................

13. संलग्न प्रमाण पत्रों सूची':–
    1. 10वी/12वी, की अंक सूची (आयु के सत्यापन के संबध में 10वी/अन्य की सूची)
    2. अनुभव प्रमाण पत्र (सक्षम अधिकारी द्वारा जारी), अनापति प्रमाण पत्र (नियोक्ता के द्वारा जारी)
    3. शैक्षाणिक योग्यता संबधी प्रमाण पत्र'
    4. मूल निवास प्रमाण पत्र एवं जाति प्रमाण पत्र अनिवार्य (सक्षम अधिकारी द्वारा जारी)
    5. Bacheler in Audiology and Speech & Language Pathology (BASLP) Or B.Sc. Speech & Hearing (संबंधित योग्यता के समस्त सेमेस्टर की अंकसूची आवेदन के साथ संलग्न करना अनिवार्य है)'

..........................................................................................
..........................................................................................

आवेदक/आवेदिका के हस्ताक्षर
पूरा नाम.......................................

## घोषणा–पत्र

मैं एतद द्वारा घोषणा करता/करती हूँ कि मैनें विज्ञापित पात्रता शर्तो को पढ लिया है। जहां तक मेरी जानकारी और विश्वास है, इस पत्र की सभी प्रविष्टियाँ पूर्ण और सत्य है। त्रुटिपूर्ण/अपूर्ण अथवा असत्य जानकारी प्रस्तुत करने पर नियमानुसार मैं स्वयं जिम्मेदार रहूँगा/रहूँगी। गलत जानकारी प्रस्तुत करने पर आवेदन पत्र निरस्त किया जावेगा तथा चयन/नियुक्ति बिना नोटिस के निरस्त की जावेगी।

आवेदक/आवेदिका के हस्ताक्षर
पूरा नाम.......................................

स्थानः–
दिनांकः–